# नरवाई को लेकर प्रशासन सख्त, एसडीएम करेंगे मॉनिटरिंग

अपर कलेक्टर सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित

**सिवनी नवभारत।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित योजनाओं, लंबित प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर ने 50 दिवस एवं 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके। साथ ही जिन शिकायतों में नियमानुसार कार्रवाई संभव नहीं है, उनके संबंध में विधिवत परीक्षण कर फोर्स क्लोज के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को समय पर भेजने के निर्देश भी दिए।

अपर कलेक्टर ने जन शिकायतों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जन अपेक्षाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के लिए भी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए। समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने तय अवधि में कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

बैठक में जनगणना 2027 के अंतर्गत जारी स्व-गणना अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्वयं स्व-गणना कर उदाहरण प्रस्तुत करने तथा अपने अधीनस्थ अमले की शत-प्रतिशत स्व-गणना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को भी स्व-गणना के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।



इसके अतिरिक्त, विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के अंतर्गत जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों की अद्यतन जानकारी संधारित कर शीघ्र प्रस्तुत करने तथा ऐसे भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।

नरवाई जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाना पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के साथ ही दंडनीय अपराध भी है, अत: इस पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन को लेकर निर्देश

बैठक में गेहूं उपार्जन कार्य की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा किसानों को सुगम एवं सुविधाजनक तरीके से अपनी उपज विक्रय करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि वे उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता न हो।

# हत्या का खुलासा : 5 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

**सिवनी नवभारत।** थाना धँसौर क्षेत्र में हुई सनसनीखेज अंधी हत्या का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को पुलिस की सजगता और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 26 अप्रैल 2026 की दरम्यानी रात करीब 3 बजे ग्राम बरौदा तिराहे पर कुछ युवक सफेद रंग की आर्टिगा कार को बीच सड़क पर खड़ी कर शराब पी रहे थे। उसी दौरान शादी समारोह से लौट रहे बैंड बाजा दल के सदस्य वाहन चालक गोधन यादव अपने साथियों हल्के वंशकार और संजू वंशकार के साथ वहां पहुंचे। रास्ता अवरुद्ध होने के कारण उन्होंने कार हटाने के लिए कहा, जिस पर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया।

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने गोधन यादव और उसके साथियों के साथ लाठी-डंडों एवं चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल गोधन यादव की मौत हो गई, जबकि हल्के वंशकार और संजू वंशकार गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देश पर तत्काल विशेष टीमों का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में गठित टीमों ने साइबर तकनीक, सीसीटीवी फुटेज, टोल नाका जांच एवं मुखबिर तंत्र की मदद से लगातार कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर दबिश दी और उन्हें बरौदा एवं जबलपुर से गिरफ्तार किया।

विशेष रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण सिंह झारिया के नेतृत्व में टीम ने अत्यंत सक्रियता, सूझबूझ और तत्परता का परिचय दिया। घटना के तुरंत बाद सतत निगरानी, टीम समन्वय एवं तकनीकी साक्ष्यों के कुशल उपयोग के चलते अल्प समय में आरोपियों तक पहुंच बनाना संभव हुआ। थाना प्रभारी की प्रभावी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता के कारण ही यह चुनौतीपूर्ण प्रकरण शीघ्र सुलझाया जा सका।

जांच में सामने आया कि जबलपुर निवासी निशांत राजपूत उर्फ चिंटू और नीलेश पटेल अपने साथी राहुल नेमा से मिलने बरौदा आए थे। इनके साथ साहिल शर्मा और नर्मदा यादव भी मौजूद थे। विवाद के दौरान राहुल नेमा ने अपने पिता विनोद नेमा और मनोज नेमा को मौके पर बुलाया, जिसके बाद सभी आरोपियों ने मिलकर हमला किया। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल नेमा (26), नर्मदा यादव (22), साहिल शर्मा (22), विनोद नेमा (58), मनोज नेमा (41) शामिल है। वहीं निशांत राजपूत उर्फ चिंटू, नीलेश पटेल फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडे, खून से सना चाकू एवं खून लगे कपड़े जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना घंसौर में अपराध क्रमांक 124/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना धँसौर पुलिस टीम के सदस्यों—मनीराम चंद्रवंशी, गोपाल यादव, लक्ष्मण उइके, शैलेन्द्र गुर्दे, विनीत साहू एवं शिवपाल नवरेती—की भी सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आज पातालेश्वर में होगा भव्य आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन की पूर्व संध्या के अवसर पर पातालेश्वर मंदिर के सामने वार्ड नं. 19 और 20 के समस्त भाजपा बूथ प्रभारीयों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा 28 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन की पूर्व संध्या के अवसर पर 28 अप्रैल की शाम 7 बजे से पातालेश्वर मंदिर के सामने कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत सांसद बंटी विवेक साहू का भव्य सम्मान के साथ ही आत्मीय स्नेह सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बूथ के समस्त प्रभारियों, कार्यकर्ताओं सहित शहर एवं जिलेवासियों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी के लिए स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया है।

### सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सिवनी( अपर कलेक्टर सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा सहित यातायात, परिवहन विभाग एवं विभिन्न सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई के अधिकारियों को चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित सुधार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्र सिवनी में यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई करने तथा अवैध विज्ञापन होर्डिंग्स को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही हेलमेट, सीटबेल्ट और गति सीमा के पालन हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश यातायात एवं परिवहन विभाग को दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री राहत योजना अंतर्गत प्रकरणों की स्वीकृति एवं सहायता राशि वितरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# छपारा नगर से हज के लिए रवाना हुआ हाजियों का काफ़िला

## सांसद ने सम्मेलन मे दिया नवविवाहितों को आशीर्वाद

**छपारा नवभारत।** नगर छपारा से मक्का मदीना हज के लिए रवाना हुआ हाजियों के काफिले में लतीफ पिता आबिद अंसारी और उनकी बेटी नाहिद अंसारी 27 अप्रैल को छपारा से मक्का मदीना की पाक सरजमी के लिए रवाना हुए। जहां वह 45 दिन का सफर करके हज के तमाम अरकान अदा करने के पश्चात अपने वतन वापस पहुंचेंगे। जिसको लेकर इनके चाहने वाले रिश्तेदार सहित मित्रगणों ने इनके लिए दुआ मांगी कि उनका सफर अच्छा रहे साथ ही सकुशल हज करके से वापस आए। इस अवसर पर सिवनी से हाजी साबिर खान, असलम बाबा एवं बरकत खान छपारा पहुंचे जिन्होंने हाजियों को रवाना करते समय उन्होंने आपके बेहतरीन नातिया कलाम को सुनाया जिसकी सभी ने तारीफ की । छपारा से रवाना होते हुए हाजियों के द्वारा अपने मुल्क हिंदुस्तान कि अमन शांति के लिए दुआ की गई। कौमी एकता कमेटी ने सभी का इस्तकबाल किया। साथ ही मौके पर असलम बाबा हाजी साबिर खान बरकत खान हाजी ताबिश रानू अंसारी आदि शहर के मुस्लिम कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

### अपराधों की प्रकरणवार समीक्षा, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

सिवनी( अपर कलेक्टर सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जघन्य अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा सहित पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जघन्य अपराधों के प्रकरणवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर ने लंबित मामलों में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे समयबद्ध तरीके से प्रकरणों का निराकरण हो सके। उन्होंने न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण को प्राथमिकता बताते हुए अभियोजन शाखा, पुलिस एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

# महिला आरक्षण के विरोध पर फूटा जनआक्रोश, छिंदवाड़ा में निकली विशाल महिला पदयात्रा

नारी शक्ति के अपमान के विरोध में महिलाओं की जनाक्रोश पदयात्रा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27 अप्रैल. महिला आरक्षण को लेकर संसद में हुए घटनाक्रम तथा कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा अपनाए गए विरोधात्मक रवैये के विरोध में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा जिले की समस्त नारी शक्तियों के आह्वान पर छिंदवाड़ा में एक विशाल जनआक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया।**

इस पदयात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की उपस्थिति में बड़ी संख्या में समाजसेवी महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, युवतियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं एवं पुरुषों ने सहभागिता कर अपना स्पष्ट आक्रोश व्यक्त किया।

यह पदयात्रा शहर के मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से प्रारंभ होकर फव्वारा चैक तक निकाली गई, जहां महिलाओं ने एकजुट होकर महिला सम्मान, अधिकार और समान भागीदारी के समर्थन में जोरदार स्वर बुलंद किए। प्रतिभागियों ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, किंतु विपक्ष द्वारा इसका विरोध महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के विरुद्ध है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती विजया यादव ने कहा कि देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने के इस प्रयास को राजनीतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रश्न पर मौन नहीं रहेंगी और जो भी नारी सम्मान के विरुद्ध खड़ा होगा, उसे लोकतांत्रिक माध्यमों से करारा उत्तर दिया जाएगा।श्रीमती शालिनी साहू ने कहा कि इस पदयात्रा में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संदेश दिया है कि महिलाएं अब अपने राजनीतिक अधिकारों और सम्मान के प्रति पूरी तरह सजग हैं। उन्होंने




कहा कि समाजसेवी महिलाएं, शिक्षिकाएं, युवतियां, गृहिणियां, वरिष्ठ नागरिक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं की उपस्थिति ने यह प्रमाणित कर दिया है कि नारी सम्मान का विषय किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे समाज का विषय है।

श्रीमती भारती साहू ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी के प्रश्न पर महिलाएं भविष्य में भी एकजुट रहेंगी तथा किसी भी प्रकार के विरोध का लोकतांत्रिक और सशक्त तरीके से जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और समान प्रतिनिधित्व के लिए एक सशक्त जनचेतना अभियान की शुरुआत है।इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण के निर्णय का समर्थन किया और इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी पहलबताया।

खेल के विस्तार को लेकर शीघ्र बैठक बुलाई जाएगी कलेक्टर

# हॉकी खिलाड़ियों ने कलेक्टर से मिलकर की चर्चा

सिवनी नवभारत। जिला हॉकी संघ ने जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने शिवानी की हॉकी खेल के संबंध में विस्तार से चर्चा की साथ ही यह भी बताया कि जिले में एकमात्र एस्ट्रो टर्फ मैदान है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुकूल है।

यहां पर समय-समय पर अखिल भारतीय हाकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है साथ ही यहां पर जो खिलाड़ी हैं उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल से लोहा मनवाया है यहां पर खिलाड़ियों को अगर समुचित संसाधन मिलते हैं तो अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।

हाकी से जुड़े खिलाड़ियों की बात को सुनकर जिला कलक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि खेल के क्षेत्र में पैसे की कमी नहीं है और हम प्रयास करेंगे की जिले में खेलों के क्षेत्र में अच्छे से अच्छा क्या



किया जा सकता है इस संबंध में शीघ्र ही बैठक बुलाकर आप सभी से सुझाव लेंगे जिससे हम इस जिले को राष्ट्रीय क्षितिज पर खेलों के लिए अपनी पहचान बना सके ऐसा प्रयास करेंगे।

### खेलों के विस्तार को लेकर हुई चर्चा

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष डी एल गौर ने भी आगे खेल के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी तथा आगामी दिनों में होने वाली अखिल भारतीय की प्रतियोगिता के संबंध में बताया जिस पर उन्होंने आगे चर्चा करने की बात कही इस अवसर पर हॉकी से जुड़े असद खान सफीउल्लाह खान अलीम खान अबू शर्मा कलीम खान जावेद खान रियाज कुरेशी हामिद खान आसिफ अमन अरशद जुबेर सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे सभी को अंत में उन्होंने अपनी ओर से शुभकामनाएं दी

# जला स्तरीय लघु उद्योग एवं निवेश संवर्धन समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27 अप्रैल. कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने, निवेश प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा करने तथा औद्योगिक विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।**

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निवेशकों को शीघ्र स्वीकृतियाँ प्रदान की जाएँ तथा उद्योग स्थापना में आ रही समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जाए। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सौरभ राय द्वारा औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा में लगातार आ रही पानी, बिजली, स्ट्रीट लाइट एवं साफ-सफाई की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही लहगडुआ इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से दारा जुनेजा द्वारा बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र लहगडुआ में एग्रीमेंट के आधार पर पानी का सप्लाई नहीं हो रहा है, जिसके निराकरण के लिये कलेक्टर श्री नारायन द्वारा एमपीआईडीसी को निर्देशित किया गया।उद्योगपतियों के सुझाव के आधार पर कलेक्टर श्री नारायन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र लहगडुआ में अतिरिक्त फीडर स्थापित किए जाने हेतु एमपीईबी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री नारायन ने आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही एक क्षेत्र के सभी उद्योगपतियों को एक सोसाइटी बनाकर अपनी छोटी-मोटी समस्याओं का स्वयं निराकरण करने एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के रखरखाव का कार्य करने का सुझाव दिया गया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के संबंध में सभी उद्योगपतियों को अवगत कराया गया एवं कलेक्टर श्री नारायन द्वारा योजना के अंतर्गत इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों के पंजीयन के लिये प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निवेश प्रोत्साहन केंद्र धीरेन्द्र सिंह, सदस्य सचिव एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आर.एस.उईके सहित वन, एमपीआईडीसी, विद्युत मंडल, श्रम, नगर एवं ग्राम निवेश, जीएसटी, खनिज विभाग व जिला शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सौरभ राय व सचिव सुधीर शर्मा, दारा जुनेजा, वैभव माहेश्वरी सहित जिले के औद्योगिक एवं व्यापार संघों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।




## सामुहिक विवाह सम्मेलन ऐतिहासिक और अनुकरणीय पहल : बंटी विवेक साहू

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27 अप्रैल.** कतिया समाज संस्था के द्वारा संत शिरोमणी श्री भूराभगत महाराज जी के जन्मोत्सव एवं भव्य आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के तहत बटकाखापा में गत दिनों कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के दो जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू ने नवविवाहित जोड़ों को शुभ आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि कतिया समाज संस्था द्वारा किया गया यह आयोजन समाज के लिए एक ऐतिहासिक और अनुकरणीय पहल है। इस तरह के आयोजन हमेशा ही होते रहना चाहिए। इससे जहा समाज के जरूरतमंद लोगों को सहयोग मिलता है, वही समाज की एकता का परिचय भी दिखता है। उन्होंने इस तरह के आयोजन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी, समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार आम्रवंशी, हर्रई ब्लॉक अध्यक्ष सालिकराम बेलवंशी, अमरवाड़ा अध्यक्ष सुदेश नागवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता टीकाराम चंद्रवशी, जगेन्द्र अल्डक, रोहित पोफली, चंद्रभान देवरे, अलकेश लांबा, विशवेन्द्र बैस सहित कतिया समाज के वरिष्ठ नागरिकगण, भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

मांग — गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में हिंदू मुस्लिम समाज एकजुट, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, केवलारी में सौंपा ज्ञापन

**केवलारी नवभारत। गायत्री शक्तिपीठ केवलारी के तत्वावधान में शुक्रवार को गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने एवं गो सुरक्षा हेतु कठोर कानून बनाने की मांग को लेकर नगर के गणमान्य नागरिकों एवं मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।**

प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम महेश अग्रवाल को राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गाय



भारतीय संस्कृति की आत्मा है और करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। गौमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देकर उसकी सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून बनाया जाए। इस दौरान हिंदू समाज के साथ मुस्लिम समाज के सभी पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में गौ रक्षा की मांग का समर्थन किया। वक्ताओं ने कहा कि गाय केवल धार्मिक नहीं बल्कि आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

### गायत्री शक्तिपीठ की पहल

गायत्री शक्तिपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि देशभर में गौ माता की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। केवलारी से भी यह आवाज उठाई गई है। एसडीएम महेश अग्रवाल ने ज्ञापन लेकर उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी : बंटी साहू

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27 अप्रैल. गुलमोहर हॉल दिल्ली में सोमवार को नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर द्वारा ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फॉर विकसित भारत 2047 के तहत एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल हुये।**

इस विशेष कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग सहित अन्य वक्ताओं ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। सुदांशु द्विवेदी जी ने भी सोशल मीडिया को लेकर अपनी बात रखी।इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फॉर विकसित भारत 2047 कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। इस विशेष कार्यशाला में हमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प 2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य और न्यूक्लियर एनर्जी एवं ग्रामीण विकास के संकल्प को और सशक्त बनाने की प्रेरणा मिली। उन्होने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर की स्थापना साक्ष्य-आधारित शासन को आगे बढ़ाने और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण से नीति कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए की गई है। पिछले तीन वर्षों में नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के प्रति समर्पित सांसदों और विधायकों के साथ मिलकर काम किया है। जिसमें शोध-आधारित अंतर्दृष्टि और रणनीतिक नीति सहायता प्रदान की है, जो राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाती है। उल्लेखनीय है कि गुलमोहर हॉल दिल्ली में सोमवार को नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर द्वारा चुनिंदा सांसदों और विधायकों के लिए एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य भारत के विकास को गति देने और विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन में योगदान देने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों को साझा करना था।